## न्यूज डायरी



### चीन के खिलाफ खुलकर आया ऑस्ट्रेलिया, समुद्र में बढ़ाएगा सेना की तैनाती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केनबरा। चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी विवाद अब और गहराता दिखाई दे रहा है। चीनी सरकार की ओर से लगातार किए जा रहे आर्थिक घेराबंदी और साइबर हमलों से परेशान ऑस्ट्रेलिया ने इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में अपनी सेना को और मजबूत करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिशन ने सेना के लिए नए हथियारों के खरीद की भी घोषणा की है। इसके अलावा एशिया प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया कई महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपनी सेना की तैनाती बढ़ाएगा। पीएम मॉरिशन ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया अपने सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट्स के बेड़े को मजबूत करने के लिए लंबी दूरी के एंटी शिप मिसाइलों की खरीद सहित देश की रक्षा रणनीति में बदलाव किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा कदम मित्र देशों, सहयोगियों और मुख्य भूमि की रक्षा के लिए उठाया है।

### तेहरान में मेडिकल क्लीनिक में गैस रिसाव से हुए विस्फोट में 19 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। उत्तरी तेहरान में एक मेडिकल क्लीनिक में गैस रिसाव से हुए विस्फोट में 19 लोगों की मौत हो गई। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने पहले 13 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी थी। तेहरान दमकल विभाग के एक प्रवक्ता जलाल मलेकी ने बाद में सरकारी टेलीविजन को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने भी मलेकी के हवाले से कहा कि मरने वालों में 15 महिलाएं और चार पुरुष हैं। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने 20 लोगों को वहां से निकाला भी है।तेहरान के डिप्टी गवर्नर हमीद्रेजा गौदरजी ने सरकारी टेलीविजन ने कहा कि इमारत में मेडिकल गैस टैंक से गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और आग लगी। सरकारी टेलीविजन का कहना है कि वहां और विस्फोट होने की आशंका बनी हुई है क्योंकि मेडिकल सेंटर में अभी कई और ऑक्सीजन टैंक मौजूद हैं। चश्मदीद मरजान हघीघी ने बताया कि पुलिस ने आस–पास की सभी सड़कों पर अवरोधक लगा दिए हैं।

### लगभग 34 हजार नए मामलों की पुष्टि, 14 लाख से ज्यादा हुए केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रासीलिया। ब्राजील में कोरोना वायरस की रफ्तार थमती नहीं दिख रही है। देश में पिछले 24 घंटे में 33,846 मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही यहां मरीजों की कुल संख्या 14,02,041 हो गई है। पिछले दिन की तुलना में नए मामलों की संख्या काफी अधिक है। एक दिन पहले लगभग 10 हजार कम 24,052 नए मामले सामने आए थे। देश में पिछले 24 घंटे में 1,280 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही अभी तक यहां मरने वालों की संख्या 59,594 हो गई है। अब तक कुल 7,90,000 मरीज ठीक हो गए हैं। बता दें कि ब्राजील दुनियाभर में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में दूसरे नंबर पर है। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार ब्राजील की सेना ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की सीमा से लगे अमेजन के समुदायों को सुरक्षात्मक आपूर्ति और दवाएं मुहैया कराई।

### राष्ट्रीय सुरक्षा कानून अमल में आते प्रदर्शनकारी पर गिरी गाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। हांगकांग में चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून अमल में आते ही प्रदर्शनकारियों पर गाज गिरी है। हांगकांग में एक प्रदर्शनकारी की गिरफ्तारी की गई है। हांगकांग पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धमकी दी और सख्त सजा की चेतावनी भी दी। इस कानून के तहत पहली गिरफ्तारी की गई। इस कानून के अमल में आते ही एक स्वतंत्र हांगकांग चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधीन परतंत्र हो गया। कानून अस्तित्व में आने के बाद ब्रिटिश उपनिवेश की 23वीं वर्षगांठ के मौके पर हांगकांग में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने वार्षिक रैली में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस का तेवर सख्त था। पुलिस ने जिसने पहले से रैली पर प्रतिबंध लगा रखा है, उसने पहली बार प्रदर्शनकारियों को नए कानून का हवाला दिया।

# अब श्रीलंका ने खेला चीन कार्ड, भारत से की यह डिमांड

### कर्ज चुकाने के लिए भारत से मोहलत मांग रहा श्रीलंका, चीन की शरण में जाने की आशंका

**चाल**

■चीन देगा 50 करोड़ डॉलर का नया कर्ज



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। लद्दाख में तनाव के बीच अब श्रीलंका ने भी भारत के खिलाफ चीनी कार्ड खेला है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर्ज लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ अनबन के बाद श्रीलंका फिर से एक बार कर्ज के लिए चीन की शरण में जा सकता है। बता दें कि पहले से ही श्रीलंका के ऊपर चीन का अरबों का कर्ज है।

**कर्ज चुकाने के लिए मोदी सरकार से मांगा समयः** इस बीच महिंदा राजपक्षे ने भारत से कहा है कि आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण कर्ज चुकाने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। बता दें कि भारत ने श्रीलंका को 96 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है। इस कर्ज को चुकाने को लेकर भारत और श्रीलंका के बीच बातचीत हो रही है। हालांकि भारत ने इसे लेकर अभी कोई आश्वासन नहीं दिया है।

**भारत से मुद्रा अदला–बदली की मांगः** श्रीलंका सरकार ने भारत के साथ मुद्रा अदला–बदली की मांग की है। बता दें कि वैश्विक स्तर पर श्रीलंका को 2.9 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान करना है इसलिए श्रीलंका की सरकार ने भारत के साथ मुद्रा की अदला–बदली को लेकर दो बार मांग की है। श्रीलंका के पीएम ऑफिस के बयान में कहा गया है कि सरकार ने सभी कर्जदाताओं से रकम की अदायगी की समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

**50 करोड़ डॉलर का कर्ज देने को तैयार चीनः** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के बीच मई में कर्ज को लेकर बाचतीच की गई थी। इसमें चीन ने श्रीलंका को तत्काल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 50 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की पेशकश की है। संभावना जताई जा रही है कि कर्ज की पहली किस्त कुछ ही दिन में श्रीलंका को दी जा सकती है।

**डोनेशन डिप्लोमेसी से श्रीलंका को साध रहा चीनः** श्रीलंका ने जून के मध्य में कोरोना वायरस से निपटने के लिए चीनी निर्मित फेस मास्क और चिकित्सा उपकरण का एक और खेप प्राप्त किया है। जो इस बात का सबूत है कि श्रीलंका बीजिंग की विदेश नीति और डोनेशन डिप्लोमेसी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आर्थिक कर्ज से श्रीलंका को बेदम करने के बाद चीन खुद ही वायरस को फैलाकर अब उसका इलाज कर रहा है।

**हिंद महासागर में चीन के विस्तार का केंद्र है श्रीलंकाः** चीन की इंडो पैसिफिक एक्सपेंशन और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में चीन ने श्रीलंका को भी शामिल किया है। श्रीलंका ने चीन का कर्ज न चुका पाने के कारण हंबनटोटा बंदरगाह चीन की मर्चेंट पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड कंपनी को 1.12 अरब डॉलर में साल 2017 में 99 साल के लिए लीज पर दे दिया था। हालांकि अब श्रीलंका इस पोर्ट को वापस चाहता है। महिंदा राजपक्षे के कार्यकाल में श्रीलंका और चीन के बीच नजदीकियां खूब बढ़ी।

## पाकिस्तान में 24 घंटे में दर्ज किए गए 4,133 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तन में कोरोना वायरस के मामलों ने रफ्तार पकड़ ली है। पाकिस्तान में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 4,133 नए मामले सामने आए है। देश में कोरोना महामारी से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 2.13 लाख के पार पहुंच गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित 1,00,802 मरीज ठीक हो चुके हैं, जो देश में वायरस के कुल मामलों का लगभग आधा है। जानलेवा संक्रमण ने पिछले 24 घंटों में 91 और लोगों की जान ले ली है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,395 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि 2,741 अन्य मरीजों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

पाकिस्तान में कोरोना वायरस के 4,133 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमित मरीजों की संख्या 2 लाख 13 हजार 470 पहुच गई है। इसमें से सबसे अधिक माले सिंध और पेजाब में दर्ज किए गए हैं।

सिंध कोरोना वायरस के सबसे अधिक 84,640 मामले हैं, इसके बाद पंजाब में 76,262 मामले, खैबर–पख्तूनख्वा में 26,598 मामले, इस्लामाबाद में 12,912 मामले, बलूचिस्तान में 10,476 मामले, गिलगित–बाल्टिस्तान में 1,489 मामले और पीओके में 1,093 मामले दर्ज किए गए हैं।



### चीनी राजदूत के इशारे पर तनाव बढ़ा रहे ओली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नेपाल। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कुर्सी पर खतरे के बादल बढ़ते जा रहे हैं। सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में मचे घमासान के बीच ओली पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड जहां खुलेआम ओली सरकार की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, इस्तीफा न देने पर पार्टी को दो टुकड़ों में बांटने की धमकी भी दे रहे हैं। इस बीच नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीनी दूतावास की सक्रियता से कई तरह की आशंकाओं को बल मिलने लगा है। नेपाल में मचे सियासी घमासान को लेकर पीएम ओली सीधे तौर पर भारत पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं, खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नेपाली पीएम देश में चीन की राजदूत हाओ यांकी के इशारे पर भारत विरोधी सभी कदम उठा रहे हैं।

## अमेरिकी बॉयोटेक फर्म का दावा कहा–ह्यूमन ट्रायल सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ट्रॉयल के दौरान वैक्सीन ने 94 फीसदी दिया परिणाम

वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रही दुनिया को बचाने के लिए वैज्ञानिक दिन–रात इस वैश्विक महामारी का वैक्सीन बनाने में जुटे हुए हैं। कई देशों के वैज्ञानिकों ने दावा भी किया है कि उन्होंने कोरोना वायरस की वैक्सीन बना ली है। लेकिन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अभी तक कोई भी ऐसी वैक्सीन नहीं बनी है जिसे कोरोना वायरस वैक्सीन का नाम दिया जा सके।

**94 फीसदी सफलता का दावा** इस बीच अमेरिका की बायोटेक फर्म इनोवियो ने दावा किया है कि कोरोनो वायरस वैक्सीन के परीक्षण के दौरान उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले हैं। फर्म ने दावा किया कि एछव–4800 नाम की वैक्सीन ने 40 लोगों पर किए गए ट्रॉयल के दौरान 94 फीसदी सफल रही है।

**वैक्सीन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ीः** क्लीनिकल ट्रॉयल के दौरान अमेरिका में 18 से 50 साल के उम्र के 40 लोगों को टीका लगाया गया। इन लोगों को चार सप्ताह में वैक्सीन के दो इंजेक्शन दिए गए। टेस्ट के परिणाम से पता चला कि INO&4800 वैक्सीन ने सभी लोगों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया। कंपनी के अनुसार, इस दौरान वैक्सीन का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला

**जेनेटिक कोड से बनाया गया है डीएनए वैक्सीनः** इनोवियो कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट केट ब्रॉडरिक के अनुसार, दस जनवरी को चीन के शोधकर्ताओं ने कोरोना वायरस का जेनेटिक कोड जारी किया तो टीम ने उस सीक्वेंस को सॉफ्टवेयर के जरिए कोड किया और फॉर्मूला तैयार कर लिया। यह डीएनए वैक्सीन कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन को पहचानकर वैसे ही प्रोटीन का निर्माण कर वायरस को गुमराह करेगी। जिसके बाद जैसे ही वायरस उस प्रोटीन के समीप जाएगा तो वह वैक्सीन के प्रभाव से निष्क्रिय हो जाएगा।

### कराची हमले के पीछे भारत का हाथः इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। खुद अपनी सरजमीं पर आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने कराची के स्टॉक एक्सचेंज में सोमवार को हुए हमले के पीछे भारत का हाथ बताया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को देश की संसद में भारत पर उसे अस्थिर करने का आरोप लगाया है। एक दिन पहले सोमवार को कराची में हुए हमले में करीब 11 लोगों की मौत हो गई थी और देश के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के बयानों को भारत ने बेतुका बताया था। इमरान ने संसद में कहा है, बड़ी प्लानिंग से हिंदुस्तान ने पाकिस्तान की अस्थिर करने का प्लान बनाया था। वे बहुत सारा असलहा लेकर आए थे, इनका सिर्फ एक एम था स्टॉक एक्सचेंज में हॉस्टेज करके, मुंबई में की तरह बहुत बड़ी दहशतगर्दी हुई थी। इमरान ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि हमले के पीछे भारत है। हमारी एजेंसियां हाई अलर्ट पर थीं। इससे पहले कुरैशी ने स्थानीय मीडिया से कहा था कि उन्होंने पहले ही इस बात की चेतावनी दी थी कि भारत पाकिस्तान में अपने स्लीपर सेल ऐक्टिवेट कर रहा है।